प्र/२२५

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, बेवसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/04 विविध- 01-23 2089 /पटना, दिनांक 26/10/2023

प्रेषक,

पुरूषोत्तम पासवान,
सचिव।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), रोहतास।
उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स०स०), रोहतास।
प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), नौहट्टा ।

विषय : **बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के अधीन निबंधित स्वावलम्बी सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 2061 दिनांक 19.10.2023 द्वारा कुल 09 स्वावलम्बी सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्त पत्र के अनुलग्नक-1 के क्रमांक 10 पर रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत **प्रगतिशील कृषक सेवा स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०** का नाम शामिल किया जाता है।

2. उक्त समिति के मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम भी प्राधिकार के पत्रांक 2061 दिनांक 19.10.2023 (प्रति संलग्न) के अनुरूप रहेगा।

अनुलग्नकः यथोक्त।

विश्वासभाजन,

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 2089 /पटना, दिनांक 26/10/2023

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. वे कृपया अपने स्तर से भी उपर्युक्त निदेश की जानकारी संबंधित समिति को देगें तथा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

सचिव।

ज्ञापांक : 2089 /पटना, दिनांक 26/10/2023

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/ सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2089 पटना/ दिनांक 26/10/2023

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांक : 2089 /पटना, दिनांक 26/10/2023

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव